Class : V Subject : Hindi

## लिंग बदलो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुनार – सुनारिन | शिष्य – शिष्या | ऊँट – ऊँटनी | गुणवान – गुणवती |
| महोदय – महोदया | बलवान – बलवती | नायक – नायिका | बैल – गाय |
| माली – मालिन | वीर – वीरांगना | शिक्षक – शिक्षिका | क्षत्रिय – क्षत्राणी |
| पाठक – पाठिका | लेखक – लेखिका | सम्राट – सम्राज्ञी | वर – वधू |

## वचन बदलो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| नदी – नदियाँ | दवाई – दवाइयाँ | लड़की – लड़कियाँ | घोड़ा – घोड़े |
| थाली – थालियाँ | कविता – कविताएँ | कन्या – कन्याएँ | क्यारी – क्यारियाँ |
| छिलका – छिलके | कमरा – कमरे | चूड़ी – चूड़ियाँ | शाखा – शाखाएँ |
| गुड़िया – गुड़ियाँ | सेना – सेनाएँ | छात्र – छात्रगण | गली – गलियाँ |

## विलोम शब्द :

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्यार – नफरत | दुखी – सुखी | बंधन – मुक्ति | प्रेम – घृणा |
| आशा – निराशा | खुशबू – बदबू | जीवन – मरण | हँसना – रोना |
| वीर – कायर | अमृत – विष | अपना – पराया | स्वतंत्र – परतंत्र |
| मालिक – नौकर | बचपन – बुढ़ापा | सवाल – जवाब | सूखा – गीला |

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द :

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिसमें दया न हो – | निर्दय | जिसे जीता न जा सके – | अजेय |
| जिसके पास धन न हो – | निर्धन | प्रतिदिन होने वाला – | दैनिक |
| परीक्षा देने वाला – | परीक्षार्थी | जो पहले न पढ़ा हो – | अपठित |
| जिसका कोई आकार न हो – | निराकार | कम खाने वाला व्यक्ति – | अल्पाहारी |
| जिसका कोई शत्रु न हो – | अजातशत्रु | जिसका अंत न हो – | अनंत |

## समानार्थक शब्द : –

| | | | |
|---|---|---|---|
| आँख – नयन, नेत्र | समुद्र – सागर, नदीश | खून – रक्त, लहू | नज़र – दृष्टि, निगाह |
| पैर – पद, पाँव | नदी – सरिता, तटिनी | नाव – नौका, नैया | गगन – आकाश, नभ |
| पर्वत – पहाड़, गिरि | तरु – पेड़, वृक्ष | बंदर – वानर, कपि | मनुष्य – मानव, आदमी |

# मुहावरे

1. मुँह खुला रह जाना - हैरान रह जाना
हमारी नई कार देखकर पड़ोसियों का मुँह खुला रह गया।

2. नाक में दम करना - बहुत परेशान करना
बच्चों ने सबकी नाक में दम कर रखा है।

3. हवा लगना - प्रभाव पड़ना
रमेश को दिल्ली की हवा लग गई है।

4. दम साधकर - साँस रोककर
भाई को मार पड़ती देखकर मैं दम साधकर रह गया।

5. कान लगाना - ध्यान से सुनना
हमें अच्छी बातें कान लगाकर सुननी चाहिएँ।

6. नाक कटना - इज्जत चली जाना
चोरी करते पकड़े जाने पर शाम की नाक कट गई।

7. बात बढ़ाना - बहस करना
रवि को बात बढ़ाने की आदत है।

8. कान भरना - चुगली करना
सुमन को कान भरने की आदत है।

9. मुँह की खाना - बुरी तरह हारना
मैच में विरोधी टीम को मुँह की खानी पड़ी।

10. सिर उठाना - विरोध करना
हमें अन्याय के खिलाफ सिर उठाना चाहिए।

# संज्ञा

**संज्ञा** - किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।
संज्ञा के पाँच भेद होते हैं-

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध कराते हैं, उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - कृष्ण, ताजमहल, दिल्ली आदि।
2. **जातिवाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी जाति (एक ही प्रकार के प्राणियों, वस्तुओं और स्थानों के नाम) का बोध कराते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे -स्त्री, पुरुष, गाय, पशु, नगर, स्कूल आदि।
3. **भाववाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण-दोष भाव-दशा आदि का बोध करवाते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - मिठास, मानवता, सत्यता, चतुराई आदि।
4. **द्रव्यवाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी धातु, द्रव्य या पदार्थ का बोध कराते हैं उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं जैसे - सोना, चाँदी, पानी, घी, कोयला आदि।
5. **समुदायवाचक संज्ञा-** जो शब्द समूह या समुदाय का बोध कराते हैं, उन्हें समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - कक्षा, सेना, भीड़ आदि।

## संज्ञा (Activities)

1. उचित संज्ञा शब्द भर कर वाक्य पूरे करो :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बच्चे | गंगा | पुस्तक | मिठास | पानी | हवाई जहाज |
| फूल | गुड़िया | मैदान | स्कूल | | |

1. पके आम में बहुत -------------------- होती है।
2. --------------------- बहुत ठंडा है।
3. कक्षा में ----------------- पढ़ रहे हैं।
4. मेरी बहन ----------------------- गई है।
5. मेरा गाँव ---------------- नदी के किनारे बसा है।
6. यह --------------- मेरी है।
7. मुझे गुलाब का --------------- बहुत पसंद है।
8. -------------- यातायात का साधन है।
9. बच्चे --------------------- में खेल रहे हैं।
10. मेरी -------------- खो गई है।

2. सही विकल्प के आगे (✓) लगाओ :

1. किसी भी वस्तु, व्यक्ति या स्थान के नाम को --------------- कहते हैं।

   क) परिचय  ख) शब्द  ग) संज्ञा  घ) वचन

2. जो शब्द किसी जाति का बोध कराए, उसे ----------------- संज्ञा कहते हैं।

   क) व्यक्तिवाचक  ख) जातिवाचक  ग) भाववाचक  घ) समुदायवाचक

3. जो शब्द किसी पदार्थ का बोध कराए, उसे ------------------- संज्ञा कहते हैं।

   क) जातिवाचक  ख) द्रव्यवाचक  ग) भावचाचक  घ) समुदायवाचक

4. 'मुम्बई' कौन सी संज्ञा है?

   क) व्यक्तिवाचक  ख) भाववाचक  ग) जातिवाचक  घ) समुदायवाचक

5. 'भीड़' शब्द कौन सी संज्ञा है?

   क) जातिवाचक  ख) समुदायवाचक  ग) भाववाचक  घ) द्रव्यवाचक

**संज्ञा शब्द को रेखांकित करो व इनके भेद लिखो-**

1. भारत में अनेक पर्वत हैं। ____________________
2. भीड़ ने बसों के शीशे तोड़ दिए। ____________________
3. डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। ____________________
4. चाँदी चमक रही है। ____________________
5. डिब्बे में घी भरा है। ____________________
6. आज जुलूस निकल रहा है। ____________________
7. कक्षा में सभी शांत बैठे हैं। ____________________
8. थकावट के कारण रिक्शावाला रुक गया। ____________________
9. मुगल गार्डन की सुंदरता देखते ही बनती है। ____________________
10. कुतुबमीनार की ऊँचाई बहुत अधिक है।

# विशेषण

**विशेषण-** संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

**विशेषण के भेद-**

1. **गुणवाचक विशेषण-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रुप-रंग, आकार-प्रकार आदि का बोध करवाते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
   जैसे - वीर सैनिक सीमा पर शहीद हो गए।इसमें वीर शब्द सैनिक के गुण का बोध कराता है।
2. **संख्यावाचक विशेषण-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित या अनिश्चित संख्या या क्रम का बोध कराते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।
   जैसे - बीस लोग अंदर है । (निश्चित संख्या)
   कुछ लोग अंदर है। (अनिश्चित संख्या)
3. **परिमाणवाचक विशेषण-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित या अनिश्चित मात्रा का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।
   जैसे- एक लीटर दूध ले आओ। (निश्चित संख्या)
   थोड़ा सा दूध ले आओ। (अनिश्चित संख्या)
4. **संकेतवाचक विशेषण -** जो सर्वनाम संज्ञा के स्थान पर न आकर, उनके साथ ही आएँ और संज्ञा की ओर संकेत करें , उन्हें संकेतवाचक विशेषण कहते हैं।
   **जैसे-** वह पुस्तक उसकी है।

## विशेषण (Activity)

**विशेषण शब्द को रेखांकित करो व इनके भेद लिखो-**

1. रश्मि होशियार लड़की है। ____________________
2. आनंद मीठा आम खा रहा है। ____________________
3. कुतुबमीनार ऊँची इमारत है। ____________________
4. हमारी कक्षा में चालीस विद्‌यार्थी हैं। ____________________
5. रमेश बाज़ार से दस किलो आटा लाया। ____________________
6. कौरव सौ भाई थे। ____________________
7. वह गाय मेरी है। ____________________
8. पेड़ से कुछ फल गिर गए। ____________________
9. उस दुकानदार ने मुझे धोखा दिया है। ____________________
10. ठंडी हवा ताज़गी देती है। ____________________
11. दुबई का हवाई अड्डा विशाल है। ____________________
12. कुछ खिलाड़ी खेल रहे हैं। ____________________
13. वह चार गिलास जूस पी गया। ____________________
14. कमीज़ में दो मीटर कपड़ा लगेगा। ____________________
15. चूहा थोड़े से गेहूँ खा गया। ____________________
16. महाराणा प्रताप वीर सेनापति थे। ____________________
17. करेला कड़वा होता है। ____________________
18. पिताजी दो किलो मिठाई लाए। ____________________
19. राजीव ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान पाया। ____________________

2. **रेखाँकित विशेषण शब्दों के भेद दिए गए विकल्प में से चुनो :**

1. रामू नीली कमीज़ पहनकर आया है।

   क) गुणवाचक ख) संख्यावाचक ग) परिमाणवाचक घ) संकेतवाचक

2. मेरे पास पाँच सौ रुपए हैं।

   क) परिमाणवाचक ख) गुणवाचक ग) संख्यावाचक घ) संकेतवाचक

3. चार किलो चीनी ले आओ।

   क) संख्यावाचक ख) संकेतवाचक ग) गुणवाचक घ) परिमाणवाचक

4. उस सड़क पर मेरा घर है।

   क) गुणवाचक ख) संख्यावाचक ग) परिमाणवाचक घ) संकेतवाचक

5. मैंने एक मोटे व्यक्ति को देखा।

   क) गुणवाचक ख) संख्यावाचक ग) परिमाणवाचक घ) संकेतवाचक

6. भिखारी को थोड़ा खाना दे दो।

   क) परिमाणवाचक ख) गुणवाचक ग) संख्यावाचक घ) संकेतवाचक

3. **उचित विशेषण चुनकर रिक्त स्थान भरो :**

1. करेले का स्वाद ------------------ होता है।

   क) मीठा ख) खट्टा ग) नमकीन घ) कड़वा

2. गाय का ------------------ दूध पीना चाहिए।

   क) बासी ख) खट्टा ग) ताज़ा घ) फीका

3. उस ----------------- भवन को देखो।

   क) विशाल ख) नकली ग) अजनबी घ) मीठे

4. वर्ष में ----------------- महीने होते हैं।

   क) दस ख) बीस ग) बारह घ) तीन

5. गन्ने का रस ---------------- होता है।

   क) काला ख) खट्टा ग) मीठा घ) फीका

6. कमीज़ के लिए दो ------------- कपड़ा ले आओ।

   क) किलो ख) लीटर ग) मीटर घ) ग्राम

## पाठ - 2 : गोपाल और मिट्ठू

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. मालूम | 2. कंपनी | 3. चुपचाप | 4. प्रेम | 5. मुफ़्त |
| 6. मालिक | 7. कोशिश | 8. बेहोश | 9. आँसू | 10. अठन्नी |
| 11. मजबूर | 12. शैतान | 13. अच्छा | 14. कूदते | 15. आखिर |

**शब्द-अर्थ :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. सिवा = अलावा | 2. झुंड = समूह | 3. रंज = दुख |
| 4. असर = प्रभाव | 5. ताकना = देखना | |

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न – उत्तर :**

**प्र1. गोपाल सरकस में रोज़ आकर क्या करता था?**
उ. गोपाल मिट्ठू के पास आकर घंटों चुपचाप बैठा रहता था।

**प्र2. अठन्नी माँगने पर गोपाल की माँ ने उसे क्या समझाया?**
उ. माँ ने समझाया कि बंदर किसी को प्यार नहीं करता। यहाँ आकर वह सबको काटेगा।

**प्र3. गोपाल क्यों निराश था ?**
उ. मालिक ने गोपाल को मिट्ठू देने से मना कर दिया था, इसलिए वह निराश था।

**प्र4. मिट्ठू ने गोपाल को कैसे बचाया ?**
उ. मिट्ठू ने चीते के पंजों को दाँतों से काटकर गोपाल को बचाया।
ब.

**प्र5. प्रस्तुत कहानी का नाम लिखते हुए उससे मिलने वाली सीख लिखिए ।**
उ. कहानी का नाम है – 'गोपाल और मिट्ठू'। इस कहानी से हमें सीख मिलती है कि पशुओं से प्रेम करो।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 19 – 22)

**बहुविकल्पीय प्रश्न:** 1. लखनऊ 2. अठन्नी 3. मिट्ठू 4. केले

**किसने किससे कहा:** 1) सरकस के मालिक ने – गोपाल से 2) सरकस के मालिक ने – गोपाल से 3) गोपाल ने – सरकस के मालिक से 4) माँ ने – गोपाल ने

**विलोम शब्द :** क) नाखुश ख) नफरत ग) सुखी घ) मुक्ति ङ.) घृणा च) आशा

**द्वित्व व्यंजनों वाले दो-दो शब्द:** क) बच्चा, सच्चा ख) रस्सी, लस्सी ग) प्रसन्न, भिन्न घ) पक्का-धक्का ङ.) पत्ता-गत्ता च) बिल्ली-भल्ला

**'र' के दोनों रूप वाले शब्द:** क) प्रेम, नम्र, प्रभु ख) गर्व, मार्ग, धर्म

**शब्दों के सही लिंग लिखो :** क) पुल्लिंग ख) स्त्रीलिंग ग) पुल्लिंग घ) पुल्लिंग ङ.) स्त्रीलिंग च) पुल्लिंग छ) पुल्लिंग ज) स्त्रीलिंग

**अनुनासिक / अनुस्वार लगाइए:** आँगन यहाँ संग सुंदर लाँघना बंधन पंख गाँव बूँद आशाएँ भयंकर आँख कंधा पाँचवीं

**विशेषण शब्द चुनकर लिखो :** एक तेज़ अच्छा बड़ी दूसरा शैतान

## पाठ – 3 : गुलेल का गुल

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. जुगाड़ | 2. अदृश्य | 3. बोरियत | 4. निशाना | 5. पत्थर |
| 6. सुंदर | 7. वास्तविक | 8. प्रार्थना | 9. हादसे | 10. निस्पंद |
| 11. परीक्षाफल | 12. औद्योगिक | 13. महसूस | 14. मौका | 15. गर्म |

**शब्द-अर्थ :**

1. फुरसत = खाली समय 2. तगड़ी = मज़बूत 3. गुनाह = अपराध
4. अफ़सोस = दुख 5. निस्पंद = प्राणहीन

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. गुलेल का शौक लेखक ने कहाँ पूरा किया?**
उ. गुलेल का शौक लेखक ने राजस्थान में टोंक जिले के देवली नामक स्थान पर पूरा किया।

**प्र2. बोरियत होने पर लेखक क्या करता था?**
उ. बोरियत होने पर लेखक गुलेल लेकर बाहर निकल जाता था।

**प्र3. लेखक किन पर गुलेल का निशाना लगाता था?**
उ. लेखक कबूतर और चिड़ियों पर गुलेल का निशाना लगाता था।

**प्र4. तोता कैसे मरा?**
उ. गुलेल का सही निशाना लगते ही तोता मर गया।

**प्र5. लेखक ने अपने गुनाह को गंभीर क्यों कहा?**
उ. लेखक की गुलेल के कारण तोते की मृत्यु हो गई। इसी कारण लेखक ने अपने गुनाह को गंभीर कहा।

**प्र6. भगवान से माफी माँगते समय किसने, क्या वादा किया?**
उ. भगवान से माफी माँगते समय लेखक ने वादा किया कि वह ऐसा काम दुबारा कभी नहीं करेगा।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 28 - 31)

**बहुविकल्पीय प्रश्न:** 1. राजस्थान 2. तोतों का झुंड 3. तोते को दफ़न किया 4. पाप का बोध हुआ

**अवतरण पर आधारित प्रश्न :** 1. चिड़ियों पर निशाना आज़माते हुए 2. तोते 3. सुंदरचंद ठाकुर 4. 'बाहर', 'नीचे'

**पर्यायवाची शब्द:** क) नयन, नेत्र ख) सागर, नदीश ग) रक्त, लहू घ) दृष्टि, निगाह ड.) पद, पाँव

**उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाओ:** क) लापरवाह ख) बेहोश ग) स्वदेश घ) बेजुबान
ड.) कुमार्ग च) विशेष छ) अनजान ज) सुकर्म

**पुल्लिंग शब्द** : 1. अमरीका, इंग्लैंड, चीन 2. हिमालय, एंडिज, विंध्याचल 3. सोमवार, मंगलवार, बुधवार
4. पीपल, नीम, आम

## पाठ - 4 : रेलगाड़ी

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. धड़ाधड़ | 2. जंजीर | 3. दुनिया | 4. कतार | 5. धुआँ |
| 6. तूफ़ान | 7. कलयुग | 8. विमान | 9. तमाशा | 10. निकट |
| 11. जकड़ी | 12. खबरदार | 13. धरती | 14. बगुलों | 15. सीटी |

**शब्द-अर्थ :**

1. कतार = पंक्ति 2. मात = हार 3. कल = मशीन 4. ख़बरदार = सावधान 5. टट्टू = गधा

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो:**

**प्रश्न – उत्तर :**

**प्र1. चलते समय रेलगाड़ी क्या-क्या करती है?**
उ. चलते समय रेलगाड़ी हिस-हिस की आवाज़ करती है।

**प्र2. रेलगाड़ी को धरती का विमान क्यों कहा गया है?**
उ. बहुत तेज़ गति से चलने के कारण इसे धरती का विमान कहा गया है।

**प्र3. रेलगाड़ी में बैठने वाले लोग क्या-क्या करते हैं?**
उ. लोग इसमें बैठकर सोते हैं, जंगल, पेड़, झील, नदी व नहर आदि देखते हैं।

**प्र4. रेलगाड़ी में बैठने का अपना अनुभव लिखिए।**
उ. रेलगाड़ी में बैठकर मुझे मज़ा आता है।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 34 – 37)

**बहुविकल्पीय प्रश्न:** 1. दुनिया 2. सीटी 3. रेलगाड़ी को

**पद्यांश के रिक्त स्थान भरो :** 1. इसमें बैठे होता है, 2.कोई बैठ तमाशा देखे 3. देखते हैं कितने ही रंग, 4. जंगल, झील, पेड़, वन, पत्ते

**मात्राएँ ठीक करके लिखो :** क) रुपया ख) मातृभूमि ग) शुरू घ) दीवार ङ) विमान च) अत्यधिक छ) पुरुष ज) नदी

**शब्दों से वाक्य बनाएँ :** स्वयं करें।

**अनुस्वार लगाइए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंडा | मंजन | गंगा | पंख | लंगर | चंदन |
| शंकर | संकर | मयंक | डंडा | पतंग | बंदर |
| मंगल | हंस | ठंड | चंचल | अंदर | बंधन |
| कंगन | अंजीर | | | | |

**सही लिंग लिखिए :** क) पुल्लिंग ख) स्त्रीलिंग ग) स्त्रीलिंग घ) स्त्रीलिंग ङ) स्त्रीलिंग च) पुल्लिंग छ) पुल्लिंग ज) स्त्रीलिंग

## पाठ – 5 : सबसे सुंदर लड़की

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. विचित्र | 2. पत्थर | 3. रिश्तेदार | 4. तूफ़ानी | 5. पसंद |
| 6. ईर्ष्या | 7. चट्टान | 8. जन्मदिन | 9. सुंदर | 10. समुद्र |
| 11. गाँव | 12. गरीब | 13. गुड़िया | 14. जरुरी | 15. मछलियाँ |

**शब्द-अर्थ :**

1. विचित्र = अनोखा
2. गर्व = घमंड
3. ईर्ष्या = जलन
4. खारा = नमकीन
5. प्रशंसा = तारीफ़

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. कलाकार क्या करता था?**

उ. कलाकार समुद्र से रंग-बिरंगी कौड़ियाँ, सुंदर शंख और विचित्र पत्थर इकट्ठे करता था।

**प्र2. मंजरी का हाथ पकड़कर हर्ष कहाँ और क्यों ले गया?**

उ. मंजरी का हाथ पकड़कर हर्ष उसे समुद्र में लहरों से खेलने के लिए ले गया।

**प्र3. सुंदर-सा खिलौना देखकर हर्ष ने अपने पिता से क्या पूछा?**

उ. सुंदर-सा खिलौना देखकर हर्ष ने पूछा कि यह खिलौना किसके लिए बनाया है।

**प्र4. मंजरी लहरों के बीच कैसे फँस गई?**

उ. एक बड़ी लहर ने मंजरी के पैर उखाड़ दिए और वह चट्टान की दिशा में लुढ़क गई।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 46 - 49)

**बहुविकल्पीय प्रश्न:** 1. नौ-दस वर्ष 2. हर्ष 3. शंखों की मालाएँ 4. कनक 5. विष्णु प्रभाकर

**किसने, किससे कहा? :** 1. हर्ष ने - मंजरी से 2. हर्ष ने - अपने बाबा से 3. हर्ष ने - मंजरी से 4. हर्ष ने - कनक से 5. मंजरी ने - कनक से

**प्रत्ययों से शब्द बनाइए :** क) मधुरता ख) राष्ट्रीय ग) आनंदित घ) कठोरता ङ) स्थानीय च) जीवित

**वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए:** क) गुलशन ख) द्वेष ग) हर्षित घ) नृतक ङ) तैयार

**पर्यायवाची शब्द लिखो :** क) सरिता, तटिनी ख) नौका, नैया ग) बाग, बगीचा घ) आकाश, नभ ङ.) खग, पंछी च) पहाड़, गिरि

**संज्ञा शब्द उचित स्थान पर लिखो:**

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| अमेरिका | राष्ट्रपति | दोस्ती |
| दर्श | समुद्र | सुंदरता |
| महात्मा गाँधी | लड़के | मित्रता |
| | देश | शांति |

**5. सही मिलान करो:** क) सुंदर-संसार ख) खिलती-कलियाँ ग) मधुर-गीत घ) हरा-भरा-उपवन ङ) ऊँचा-पर्वत

## पाठ - 7 : गौरैया को खतरा

**नए शब्द :**

1. आत्मनिर्भर 2. फुलवारी 3. फुदकना 4. मनुष्य 5. छज्जे
6. ज़मीन 7. घोंसला 8. शरारती 9. स्थिति 10. मृत
11. भोजन 12. दोस्ती 13. मुश्किल 14. अलमारी 15. निश्चय

**शब्द-अर्थ :**

1. अंधड़ = आँधी 2. संघ = समूह 3. आशियाना = घर
4. मृत = मरी हुई 5. प्रहार = हमला

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. रंग -बिरंगी फुलवारी में छोटी गौरैया क्या करती थी?**
उ. रंग-बिरंगी फुलवारी में छोटी गौरैया भोजन की तलाश करती थी।

**प्र2. एक-दूसरे का दर्द सबने कहाँ और क्यों सुना?**
उ. एक-दूसरे का दर्द सबने रंग-बिरंगी फुलवारी में सुना क्योंकि ज़्यादातर गौरैयों का घर उजड़ चुका था ।

**प्र3. छोटी गौरैया की माँ क्या चाहती थी?**
उ. छोटी गौरैया की माँ चाहती थी कि वह अपना घोंसला अलग बनाए।

**प्र4. गौरैया कमरे से बाहर क्यों नहीं जाना चाहती थी?**
उ. गौरैया कमरे से बाहर नहीं जाना चाहती थी क्योंकि घोंसले में उसके अंडे थे।

**प्र5. गौरैया कौन से संकट में फँस गई थी?**
उ. गौरैया के अंडे लड़कों के हाथ में थे। वह अजीब संकट में फँस गई थी। यदि बाहर जाती तो बच्चे अंडे तोड़ देते और अंदर आकर अंडों को बचाती तो बच्चे उसे पकड़ लेते।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 62 - 66)

**बहुविकल्पीय प्रश्न:** 1. नटखट 2. तितलियों 3. अंधड़ के कारण 4. अलमारी के ऊपर

**अवतरण पर आधारित प्रश्न :** 1. कमरे में 2. उसने अपना घोंसला अलमारी के ऊपर बनाने का निश्चय किया। 3. शाम, अनिश्चय 4. खिड़कियाँ, गौरैयाँ

**विलोम शब्द** : क) बदबू ख) मरण ग) रोना घ) कायर ङ) सुख च) दीर्घ छ) पराया ज) रात

**शब्दों के अर्थ लिखो** : क) खूब बड़े ख) हर पल ग) बहुत हरे घ) हर कण ङ) बहुत काले च) हर घर छ) बहुत धीरे ज) हर रोज़

**सर्वनाम का प्रयोग कर वाक्य लिखिए:**
क) गौरैया ने अपने पंख फड़फड़ाए।
ख) गौरैया को उसका घर लौटा दीजिए।
ग) मैंने अपना कर्तव्य पूरा कर लिया है।
घ) हम चिड़िया के लिए अपने घर में जल का कटोरा ज़रुर रखेंगे।
ङ.) मुझे मेरा बगीचा लौटा दीजिए।

**खाली स्थान भरो :** क) के पास ख) के साथ ग) के समान घ) की ओर ङ.) के बाद

**वाक्यों में से क्रिया- विशेषण शब्द चुनकर लिखिए :** क) तेज़ी ख) सुबह ग) वहाँ घ) थोड़ा

## पाठ - 8 : अर्जुन का मोहभंग

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. स्थान | 2. भीष्म | 3. शल्य | 4. युद्ध | 5. अज्ञान |
| 6. आत्मा | 7. संन्यास | 8. कर्तव्य | 9. ईश्वर | 10. गांडीव |
| 11. विजय | 12. दुर्बलता | 13. निंदा | 14. विचार | 15. मनुष्य |

**शब्द-अर्थ :**

1. युद्ध = लड़ाई 2. वध = हत्या 3. स्वजन = अपने लोग
4. निंदा = बुराई 5. रक्तपात = खून-खराबा

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न – उत्तर :**

**प्र1. शत्रु पक्ष की ओर देखकर अर्जुन ने क्या कहा?**
उ. अर्जुन ने पूछा कि क्या इस युद्ध में विजय पाने के लिए उसे अपने ही गुरुजनों और संबधियों का वध करना होगा।

**प्र2. श्रीकृष्ण ने आत्मा का क्या गुण बताया?**
उ. श्रीकृष्ण ने बताया कि आत्मा कभी नहीं मरती। वह एक शरीर त्यागकर दूसरा शरीर धारण कर लेती है ।

**प्र3. ईश्वर को कौन प्राप्त कर सकता है ?**
उ. जो व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन करता है और फल की इच्छा नहीं करता वही ईश्वर को प्राप्त कर सकता है ।

**प्र4. मोहभंग होने पर अर्जुन ने क्या किया?**
उ. मोहभंग होने पर अर्जुन ने युद्ध करने के लिए अपना गांडीव उठा लिया।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 72 – 74)

**बहुविकल्पीय प्रश्न:** 1. उपरोक्त सभी 2. गांडीव 3. हार-जीत 4. युद्ध भूमि में

**किसने, किससे कहे:** 1. अर्जुन ने – श्रीकृष्ण से 2. अर्जुन ने – श्रीकृष्ण से 3. श्रीकृष्ण ने – अर्जुन से 4. श्रीकृष्ण ने – अर्जुन से 5. अर्जुन ने – श्रीकृष्ण से

**विलोम शब्द** : क) घृणा ख) राजा ग) शिष्य घ) नापसंद ड.) बुरा च) परतंत्रता

**शब्द जोड़कर लिखिए:** क) बैलगाड़ी ख) रसोईघर ग) राजमहल घ) दवाखाना ड.) देशभक्ति च) वनवास

**पाठ में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखो :**

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| अर्जुन | धनुष-बाण | मोह |
| श्रीकृष्ण | प्रभु | शांति |
| शकुनि | मामा | कर्तव्य |
| दुर्योधन | रथ | दुर्बलता |

**4. वाक्यों के काल बदल कर लिखिए :**
क) वह पाप को बढ़ावा देता है।
ख) आत्मा एक शरीर छोड़कर दूसरा शरीर धारण कर लेगी।
ग) मैंने आप की आज्ञा का पालन किया।
घ) साथी तुम्हें युद्ध के लिए विवश करते हैं।
ड.) हमने धर्म की रक्षा के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया ।

**5. मुहावरों के वाक्य बनाइए:**
क) **खून- खौलना-** जैसे ही मैंने सुना कि अजय ने मेरे खेत पर कब्जा करने की कोशिश की, मेरा तो खून खौलने लगा।
ख) **नमक मिर्च लगाना:** तुम तो हमेशा ही हर बात को नमक मिर्च लगाकर कहती हो।
ग) **आग-बबूला होना-** भाई को दो लड़कों से पिटता देखकर सुरेश आग बबूला हो गया।

## कहानी : चिड़िया की आँख

गुरु द्रोण राजकुमारों को धनुष-बाण चलाना सिखाते थे। शिक्षा पूरी होने के बाद उन्हें जंगल में ले जाया गया। गुरु जी ने एक पेड़ पर मिट्टी की चिड़िया रखकर सभी राजकुमारों को आदेश दिया कि तुम्हें इस चिड़िया की आँख बेधनी है। सभी राजकुमार अपने-अपने धनुष-बाण लेकर खड़े हो गए। सबसे पहले सहदेव से गुरु जी ने पूछा, "तुम्हें सामने क्या दिखाई देता है?" सहदेव ने कहा, "मुझे पेड़ पर बैठी चिड़िया व पत्ते दिखाई दे रहे हैं।" गुरु जी बोले "रहने दो वत्स। तुम यह निशाना नहीं लगा सकोगे।" इसके बाद गुरु जी ने बारी-बारी सभी राजकुमारों को निशाना लगाने से पहले यही प्रश्न पूछा। सभी का लगभग यही उत्तर था। अंत में अर्जुन की बारी आई। गुरु जी ने अपना प्रश्न दोहराया। अर्जुन ने उत्तर दिया, "गुरुदेव, मुझे केवल चिड़िया की आँख दिखाई दे रही है।" गुरुजी ने प्रसन्न होकर बाण चलाने को कहा। अर्जुन का बाण छूटते ही सही निशाने पर लगा। गुरुजी ने कहा कि बेटा तुम एक श्रेष्ठ धनुर्धारी बनोगे क्योंकि लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने वाला ही सफल होता है।

**शिक्षा :** मनुष्य को केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।